दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 10 मई 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# फिर ईवीएम राग

ईवीएम-वीवीपैट मुद्दे पर 21 राजनीतिक दलों द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। लगातार ईवीएम राग अलाप रहे विपक्षी दलों को एक तरह से यह झटका ही है। इस पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि अदालत अपने पुराने फैसले को बदलना नहीं चाहती। आखिर एक ही मामले को कितनी बार सुना जाये। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश का यह भी कहना था कि कोर्ट इस मामले में दखल नहीं देना चाहती। दरअसल, आठ अप्रैल को दिये अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने 21 दलों की मांग पर एक विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर वीवीपैट के जरिये मतदान करने की पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए एक विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केंद्रों पर ईवीएम में दर्ज वोटों का मिलान वीवीपैट से कराने की व्यवस्था का आदेश दिया था। अदालत ने स्वीकारा था कि पचास फीसदी मतदान केंद्रों पर वीवीपैट के साथ?मतदान करा पाना संभव नहीं है। चुनाव आयोग भी कह चुका था कि इसके अनुपालन में कई तरह की अड़चने हैं। व्यावहारिक दिक्क तों को कोर्ट ने भी महसूस किया था कि चुनाव प्रक्रिया में पहले ही कई तरह की बाधाएं हैं और नई व्यवस्था के क्रियान्वयन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों को लगाने की जरूरत होगी। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मांगे जवाब के लिए तर्क दिया था कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त है और यदि पचास फीसदी वीवीपैट की पर्चियों के मिलान की मांग को पूरा किया जाता है तो हर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के बाद पचास फीसदी वीवीपैट पर्चियों के मिलान की वजह से परिणाम आने में पांच से छह दिन का विलंब हो सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनाव प्रक्रिया विश्वसनीय और पारदर्शी होनी चाहिए। मगर, महज विरोध के लिए बनी-बनायी चुनाव प्रक्रिया के प्रति मतदाताओं के मन में अविश्वास पैदा करना अनुचित ही कहा जायेगा। इससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को भी आंच आती है।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाले राजनीतिक दलों को ध्यान रखना चाहिए कि ईवीएम तकनीक के जरिये मतदान कराने से जहां समय की भारी बचत हुई है, वहीं मतपत्र लूटने के हिंसक दौर का अंत हुआ, जिसमें सैकड़ों निर्दोष लोग हर आम चुनाव में मार दिये जाते थे। ऐसे ही बैलेट के जरिये मतदान की मांग औचित्यहीन ही नजर आती है। यह कुछ ऐसा ही है जैसे कि किसी अत्याधुनिक वाहन में कोई खामी के चलते हम बैलगाड़ी से सफर करने की वकालत करने लगें। फिर आधे-अधूरे तथ्यों व अफवाहों के चलते ईवीएम की विश्वसनीयता को संदेह के कटघरे में खड़ा करना भी तार्किक नजर नहीं आता। बहुत संभव है कि ईवीएम को सही ढंग से न चला पाने और मौसमी दबाव के चलते कोई तकनीकी त्रुटि सामने आ जाये। लेकिन इसको लेकर पूरे सिस्टम को सवालों के घेरे में नहीं खड़ा किया जा सकता। साथ ही इसे ईवीएम मशीन में छेड़छाड़ करार नहीं दिया जा सकता। वैसे भी जब चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को ईवीएम हैक करने की चुनौती दी थी तो कोई व्यक्ति ऐसा करने में सफल नहीं हो पाया था। पिछले दिनों लंदन से भी एक हैकर ने ईवीएम मशीन हैक करने का दावा किया था। बाद में पता चला कि वह व्यक्ति अमेरिका में राजनीतिक शरण पाने के मकसद से खुद को पीड़ित बताने का प्रपंच रच रहा था।?शीर्ष अदालत भी पचास फीसदी मतदान केंद्रों पर वीवीपैट के जरिये मतदान कराने की व्यावहारिक दिक्क तों का उल्लेख कर चुकी है। ऐसे में अपनी सुविधा के लिए ईवीएम चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता को सवालों के घेरे में खड़ा करना समझ से परे ही है। यदि भविष्य में लोकतंत्र की विश्वसनीयता के क्रियान्वयन के लिए जरूरत हो भी तो चुनाव आयोग को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

# ट्रेड वॉरः ट्रंप की धमकी पर चीन का पलटवार, जवाबी कार्रवाई को तैयार

**पेइचिंग।** अमेरिकी राष्टपति डॉनल्ड ट्रंप की धमकी के बाद चीन के पलटवार से दोनों देशों के बीच ट्रेड वॉर बढ़ना अब लगभग तय है। ट्रंप ने चीन को 200 अरब डॉलर के चीनी सामान आयात पर शुल्क दर बढ़ाने की धमकी दी थी। अब चीन ने भी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दें दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते में तनाव खत्म करने के लिए




आयोजित होने वाली 11वें दौर की अहम बैठक आज और कल होनी है। दुनिया की निगाहें इस बैठक पर टिकी हुई हैं।

चीन के उप प्रधानमंत्री लियू हे और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटाइजर और अमेरिका के वित्त मंत्री स्टीव मेनुचिन के बीच वॉशिंगटन में 9-10 मई को वार्ता होगी। वार्ता से पहले अमेरिका के राष्टपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि वह चीन के 200 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों पर शुल्क को 10 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर देंगे।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि अगर ऐसा होता है तो वह जवाबी कदम उठाएगा। मंत्रालय ने कहा, चीन इस पर गहरा खेद व्यक्त करता है और अमेरिका के शुल्क संबंधी कदम उठाने के बाद वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

## आम जनता को बड़ी राहत, पेट्रोल-डीजल के दामो में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कटौती कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की। दिल्ली में पेट्रोल 25 अप्रैल के बाद पहली बार 73 रुपये प्रति लीटर से कम हुआ है और डीजल भी राष्ट्रीय राजधानी में 10 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में गुरुवार को दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में 16 पैसे, जबकि मुंबई में 15 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। वहीं, डीजल के



भाव दिल्ली में 10 पैसे, कोलकाता में आठ पैसे और मुंबई व चेन्नई में सात पैसे प्रति लीटर घट गए हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के भाव क्रमशः 72.84 रुपये, 74.88 रुपये, 78.44 रुपये और 75.63 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। वहीं, चारों महानगरों में डीजल के भाव घटकर क्रमशः 66.56 रुपये, 68.32 रुपये, 69.74 रुपये और 70.36 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## डॉलर के मुकाबले 17 पैसे कमजोरी के साथ खुला रुपया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देसी मुद्रा रुपये में कमजोरी का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले सत्र से 17 पैसे कमजोर होकर 69.88 पर खुला। पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 28 पैसे की कमजोरी के साथ 68.71 पर बंद हुआ था।, अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक विवाद के गहराने की आशंकाओं से शेयर बाजारों में पिछले सत्र में कारोबारी रुझान कमजोर बना हुआ था, जिससे रुपये पर दबाव रहा। वहीं, डॉलर इंडेक्स 0.02 फीसदी की मजबूती के साथ 97.40 पर बना हुआ था।

## 11 मई से स्पाइसजेट में कर सकेंगे बिजनस क्लास में सफर

**नई दिल्ली।** सस्ते दाम में हवाई सेवाएं ऑफर करने वाली एयरलाइन स्पाइसजेट ने गुरुवार को बिजनस क्लास ऑफर करने का ऐलान किया। स्पाइसजेट 11 मई से चुनिंदा घरेलू रूट्स पर बिजनस क्लास में सफर करने का ऑफर देगी।

स्पाइसजेट ने एक बयान में बताया, एयरलाइन चुनिंदा रूट्स- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरू, वाराणसी, बागडोगरा और श्रीनगर से उड़ने वाले अपने बोइंग 737ह्य विमान में बिजनस क्लास में हवाई यात्रा का विकल्प देगी।

बता दें यह कदम कंपनी ने हाल ही में बंद हो चुकी एयरलाइन जेट एयरवेज से कुछ बोइंग 737 विमानों को लीज पर लेने के कुछ दिन बाद उठाया है। स्पाइसजेट ने प्रीमियम सेवाएं देने वाली गल्फ



कैरियर एमिरेट्स के साथ एक कोड-शेयर समझौते का भी ऐलान किया। जेट के बोइंग के पूरे बेड़े में (जिनमें पतली बॉडी वाले क्र737ह्य भी शामिल हैं) में दो क्लास में बंटे होते हैं- बिजनस और इकनॉमी।

रिलीज में एयरलाइन ने बताया कि बिजनस क्लास में हवाई यात्रा करने के ऑफर के तहत, स्पाइसजेट अपने यात्रियों को कॉम्प्लिमेंट्री लाउंज ऐक्सेस, ज्यादा बैगेज अलाउंस, खाना-पीना, प्रायॉरिटी सर्विसेज मुहैया कराएगी।

## बोली से पहले जेट एयरवेज के स्लॉट आवंटन को लेकर सुरेश प्रभु ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जेट एयरवेज के विमान करीब तीन हफ्ते से ग्राउंड हैं. 22000 से ज्यादा कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं.



जेट को निवेशकों का इंतजार है और उसकी आखिरी तारीख 10 मई है. गुरुवार (9 मई) को सहयोगी एतिहाद एयरलाइंस निवेश के बारे में आखिरी फैसला ले सकती है, क्योंकि 10 मई को शुक्रवार (जुमे का दिन) है. इस बीच जेट के स्लॉट को दूसरे एयरलाइंस को आवंटित किए जा रहे हैं, जिसका जेट के कर्मचारी विरोध कर रहे हैं. इन तमाम शिकायतों के बीच नागर विमानन मंत्री सुरेश प्रभु ने जेट एयरवेज को आवंटित समय सारिणी (स्लॉट) दूसरी एयरलाइन कंपनियों को आवंटित किये गये जाने के मामले में रिपोर्ट मांगी है. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. उल्लेखनीय है कि वित्तीय संकट से जूझ रही जेट एयरवेज ने परिचालन अस्थायी तौर पर बंद किया है . इसके बाद मंत्रालय ने दिल्ली और मुंबई में उसके छोड़े गए स्लॉट दूसरी एयरलाइन को आवंटित करने का फैसला किया.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंत्री सुरेश प्रभु ने नागर विमानन सचिव प्रदीप सिंह खरोला से Jet Airways के उन स्लॉट के बारे में रिपोर्ट मांगी है , जिन्हें अन्य विमानन कंपनियों को आवंटित कर दिया गया है. रिपोर्ट को 11 मई तक सौंपने के लिए कहा गया है. संबंधित अधिकारी के मुताबिक, जेट एयरवेज के पास मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों में 440 से ज्यादा स्लॉट हैं.

## आईपीएल-12 : पृथ्वी और पंत के पराक्रम से दिल्ली चलीफायर-2 में

**विशाखापट्टनम (आरएनएस)।** पृथ्वी शॉ (56) और ऋषभ पंत (49) की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को रोमांचक अंदाज में दो विकेट से हराकर चालीफायर-2 में प्रवेश कर लिया। चालीफायर-2 में दिल्ली का सामना अब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होगा और इसमें जीतने वाली टीम 12 मई को मुंबई इंडियंस के साथ फाइनल मैच खेलेगी। इस हार के बाद हैदराबाद अब लीग से बाहर हो गई है। हैदराबाद ने यहां डॉ. वाई. एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसे दिल्ली ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# राज्य वित्त आयोग के गठन पर चर्चा हुई : आरबीआई

**मुंबई (आरएनएस)।** 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. के. सिंह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के बीच बुधवार को एक बैठक के दौरान राज्य वित्त आयोग के गठन की आवश्यकता पर चर्चा हुई। सिंह की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की बैठक में यहां आरबीआई के गवर्नर और डिप्टी गवर्नर के साथ महत्वपूर्ण मसलों पर चर्चा हुई।

आरबीआई के अनुसार, बैठक के दौरान जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, उनमें राज्य सरकारों के लिए राज्य वित्त आयोग के गठन की आवश्यकता भी शामिल थी। इसके अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र की उधारी की आवश्यकताएं और वित्त आयोग की निरंतरता पर विचार-विमर्श किया गया।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, ऐसा महसूस किया गया कि राज्यों की वित्तीय प्रबंधन की आवश्यकताओं के मद्देनजर इसकी (वित्त आयोग की निरंतरता) आवश्यकता है। खासतौर से वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त अवार्ड की मध्यकालीन समीक्षा को लेकर, क्योंकि यह पूर्व में योजना आयोग द्वारा प्रदत्त



अवार्ड हुआ करता था।

अन्य मसलों में खासतौर से खर्च की नियमावली और आर्थिक विकास व महंगाई में राज्यों की भूमिका पर चर्चा की गई। इसके अलावा, वित्त आयोग के पास अपनी प्रस्तुति में आरबीआई ने बताया कि सरकार की वित्तीय संरचना में बदलाव के साथ अर्थव्यवस्था में राज्यों का महत्व बढ़ गया है।

## आज का राशिफल

मेषः- थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। आत्मसंतुष्टि रहेगी। धन प्राप्ति के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

वृषः- फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट की आशंका है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

मिथुनः- स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

कर्कः- शारीरिक कष्ट का कारण किसी तरह की लापरवाही हो सकती है। समय ठीक नहीं है। कोई बड़ा व्यय अचानक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

सिंहः- सुख के साधन प्राप्त होंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। किसी लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। नए काम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी।

कन्याः- किसी सही बात का भी विरोध हो सकता है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी।

तुलाः- जीवनसाथी के बारे में चिंता रहेगी। किसी लंबी यात्रा की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

वृश्चिकः- कुसंगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी रखें। किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें।

धनुः- किसी बात के बारे में अनहोनी की आशंका रहेगी। विवाद से क्लेश हो सकता है। शारीरिक कष्ट की आशंका है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

मकरः- शत्रु नतमस्तक होंगे। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभः- कोई गलत निर्णय ले सकते हैं, सावधान रहें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग अध्ययन आदि में सफलता प्राप्त करेगा।

मीनः- प्रेम-प्रसंग में सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

## आम की मशहूर रेसिपी यानि आम का श्रीखंड बनाने की विधि

गर्मी और आम एक सिक्के के दो पहलू की तरह लगते हैं। गर्मियों में अक्सर खुद को रिफ्रेश और कूल रखने के लिए आम से बने व्यंजनों और हेल्दी ड्रिंक्स का सेवन करना पसंद करते हैं। इसलिए आज हम भी आपको महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश में बेहद खाया जाने वाली आम की मशहूर रेसिपी यानि आम का श्रीखंड रेसिपी के बारे में बता रहे हैं।

### सामग्री

1 किलो दही, 1/2 कप पके आम का गूदा, 1/2 टीस्पून इलायची पाउडर, 1/4 टीस्पून केसर, 1/4 कप शक्कर का पाउडर, सूती कपड़ा, एक बड़ा बर्तन, 1 टेबलस्पून बारीक कटे पिस्ता



### विधि

1.आम का श्रीखंड रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले एक सूती कपड़े को एक बड़े बर्तन पर फैलाएं और उसमें दही डालें, फिर कपड़े को धीरे-धीरे कसकर बांधते हुए दही का सारा पानी अलग करके दही को लगभग 2 घंटे के लिए लटकाकर रखें।

2.इसके बाद पोटली से दही को खोलकर एक बर्तन में निकालें और उसमें आम का गूदा, इलायची पाउडर, केसर और पिसी हुई चीनी डालकर फेंटते हुए मिक्स कर लें।


3.अब आम के श्रीखंड को सर्विंग बॉउल में निकालें और पहले से कटे हुए पिस्ते से गॉर्निश करके फ्रिज में 1-2 घंटे के लिए जमने के लिए रख दें।

4. इसके बाद तैयार आम का श्रीखंड फ्रिज से निकालें और ठंडा-ठंडा सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-59

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू-59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |